लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग

बिहार सरकार

विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4980 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in

पत्रांक: BRLPS - LSBA/Admn/16/18/317 **दिनांक:** 20.07.18

प्रेषक,

राजीव कुमार सिंह, बि०प्र०से०
प्रशासी पदाधिकारी-सह-राज्य समन्वयक,
लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान।

सेवा में,

प्रखंड समन्वयक
जिला जल एवं स्वच्छता समिति,
प्रखण्ड- भगवानपुर, जिला- वैशाली।

विषय: प्रोत्साहन राशि भुगतान नहीं किये जाने के सम्बन्ध में।

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि 01.04.2017 से 11.07.2018 तक की अवधि में आपके प्रखंड में निर्मित व्यक्तिगत शौचालय 2358 के आलोक में प्रोत्साहन राशि का भुगतान मात्र 128 का किया गया है जो नगण्य है।

उपर्युक्त आकड़ों से यह स्पष्ट है कि निर्मित शौचालयों के विरुद्ध प्रोत्साहन राशि का भुगतान का नगण्य होना कार्य के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही को प्रदर्शित करता है।

अतः उपरोक्त के आलोक में निदेशित किया जाता है कि सात दिनों के अन्दर अपना स्पष्टीकरण समर्पित करें। क्यों न इस कृत्य के लिए आपके विरुद्ध अनुशासनिक कारवाई की जाये ?

विश्वासभाजन

19/07/18

(राजीव कुमार सिंह)

प्रतिलिपि : जिला समन्वयक, वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण-सह-सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, वैशाली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, वैशाली को सूचनार्थ प्रेषित।